# Daily Current Affairs

Date : 02 January, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | स्वायत्त शासन विभाग की राज्य स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग |
| 2. | एशियन राइफल/पिस्टल चैम्पियनशिप में राजस्थान के 4 निशानेबाज |
| 3. | क्लासिकल स्वाइन फीवर की रोकथाम हेतु राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. दिव्यांशी जैन (स्क्वैश)<br>2. NHM राजस्थान और IIHMR के बीच MoU<br>3. राजस्थान की पहली राजकीय जेनेटिक टेस्टिंग लैब<br>4. बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय और IITM, पुणे के बीच MoU<br>5. गैर कृषि श्रेणी में प्रदेश का पहला डिफेक्टिव मीटर मुक्त वितरण निगम : जयपुर<br>6. वर्ष 2025 में IIT जोधपुर द्वारा दाखिल IPR<br>7. प्रह्लाद राय टाक को 'एशिया महाद्वीप पुरस्कार-2025'<br>8. डॉ. सुमन कालड़ा – इंटरनेशनल कैटलबैल वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक<br>9. ग्राउंडवॉटर स्ट्रैटेजी समिट 2025 |
| 5. | सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय : लोगो व शुभंकर |
| 6. | यूरो मुद्रा : बुल्गारिया देश |
| 7. | प्रलय मिसाइल |
| 8. | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना: 9 वर्ष पूर्ण |
| 9. | भारत: चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था |
| 10. | एयर मार्शल नागेश: वायुसेना उपाध्यक्ष |
| 11. | संगीत कलानिधि पुरस्कार, 2025 |
| 12. | रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) : 68वाँ स्थापना दिवस |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. जय श्री उल्लास<br>2. काम्या कार्तिकेयन<br>3. 13वें मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय खेल पुरस्कार<br>4. चक्रवात हेली<br>5. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी तत्परता मूल्यांकन ढाँचा |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## स्वायत्त शासन विभाग की राज्य स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान स्वायत्त शासन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग (नवंबर, 2025 के लिए) जारी की गई।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- स्वायत्त शासन विभाग द्वारा इस रैंकिंग को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के मापदंडों के अनुरूप प्रदेश के नगरीय निकायों को रैंकिंग प्रदान करना है ताकि स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके।
- रैंकिंग में राजस्थान के शहरों को 4 अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

**50,000 से 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों की रैंकिंग:**

- **प्रथम :** भरतपुर।
- **द्वितीय :** जैसलमेर।
- **तृतीय :** सीकर।

**3 से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की रैंकिंग:**

- **प्रथम :** भीलवाड़ा।
- **द्वितीय :** अलवर।
- **तृतीय :** उदयपुर।
- **नोट :** जयपुर की जनसंख्या दस लाख से अधिक होने के कारण शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में अलग रखा गया है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम को करीब 35 प्रतिशत और हैरिटेज को 21 प्रतिशत अंक मिले।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशियन राइफल/पिस्टल चैम्पियनशिप में राजस्थान के 4 निशानेबाज

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के 4 निशानेबाज 'एशियन राइफल/पिस्टल चैम्पियनशिप – 2026' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।




## मुख्य बिन्दु:

- **मानिनी कौशिक :** 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट। (मानिनी ने वर्ष 2025 में शिमकेंट, कजाखस्तान में आयोजित एशियन चैम्पियनशिप में इंडीविजुल में ब्रॉन्ज और टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता।)
- **भावेश शेखावत :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल।
- **मानवेन्द्र सिंह चौहान :** 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन जूनियर।
- **भानुप्रताप सिंह चौधरी :** एयर राइफल यूथ।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**


- एशियन राइफल/पिस्टल चैम्पियनशिप-2026 का आयोजन 02 से 14 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# क्लासिकल स्वाइन फीवर की रोकथाम हेतु राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान

## चर्चा में क्यों?

- **01 जनवरी, 2026 से राजस्थान पशुपालन विभाग द्वारा शूकरों (Pig) में होने वाले संक्रामक रोग क्लासिकल स्वाइन फीवर की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया।**




## मुख्य बिन्दु:

- **अभियान का संचालन : 01 जनवरी से 01 फरवरी, 2026 तक।**
- **इस अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में सुअरों का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य सुअर पालन करने वाले पशुपालकों के पशुधन की सुरक्षा, रोग प्रसार की रोकथाम तथा आर्थिक क्षति को कम करना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- क्लासिकल स्वाइन फीवर वायरस के कारण होने वाला एक रोग है, जो पेस्टीवायरस जीनस (फ्लेविविरिडे फेमिली) से संबंधित एक अत्यधिक संक्रामक RNA वायरस है, जो संक्रमित सूअरों, दूषित चारे या सूअर के मांस उत्पादों के माध्यम से आसानी से फैलता है, जिससे घरेलू और जंगली सूअरों में गंभीर बीमारी होती है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **जूनोटिक रोग (पशुजन्य रोग) :** जूनोटिक रोग एक संक्रामक रोग है जो जानवरों और मनुष्यों के बीच प्राकृतिक रूप से फैलता है और वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी या कवक जैसे रोगजनकों के कारण होता है। ये रोग, जिन्हें जूनोसिस भी कहा जाता है, वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करते हैं।
- **उदाहरण :** कोविड-19, इबोला, रेबीज, बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा), साल्मोनेलोसिस आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **दिव्यांशी जैन (स्क्वैश)**<br><br><br>■ जयपुर की स्क्वैश खिलाड़ी दिव्यांशी जैन ने स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग में स्कॉटिश ओपन स्क्वैश की अंडर-13 गर्ल्स कैटेगरी का खिताब जीता।<br>■ फाइनल में दिव्यांशी ने भारत की ही शनाया परसरामपुरिया को 11-5, 11-9, 11-5 से हराया।<br>■ इससे पूर्व दिव्यांशी जैन ने कुआलालंपुर ओपन का खिताब भी जीता था। |
| 2. | **NHM राजस्थान और IIHMR के बीच MoU**<br>■ हाल ही में, IIHMR स्टार्टअप्स और नेशनल हेल्थ मिशन, राजस्थान के मध्य राज्य के पब्लिक हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ इस MoU के अंतर्गत हेल्थकेयर स्टार्टअप्स को सहयोग देकर राज्य में इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **राजस्थान की पहली राजकीय जेनेटिक टेस्टिंग लैब**<br>■ राजस्थान की पहली राजकीय जेनेटिक टेस्टिंग लैब जयपुर के सवाई मान सिंह (SMS) अस्पताल में स्थापित की जा रही है, जहाँ ब्लड सैंपल से जीन संबंधी बीमारियों का पता लगाया जाएगा।<br>■ मुम्बई, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद SMS मेडिकल कॉलेज जयपुर में जेनेटिक टेस्टिंग लैब की स्थापना की जा रही है।<br>■ जेनेटिक टेस्टिंग, जिसे DNA टेस्टिंग या जेनेटिक स्क्रीनिंग भी कहा जाता है, जीन्स, क्रोमोसोम या प्रोटीन का एक मेडिकल एनालिसिस है ताकि ऐसे बदलाव (म्यूटेशन) का पता लगाया जा सके जो जेनेटिक बीमारियों का कारण बन सकते हैं।<br>■ यह डायग्नोसिस, इलाज और कैंसर, दिल की बीमारी या सिस्टिक फाइब्रोसिस जैसी बीमारियों को समझने में मदद करता है। |
| 4. | **बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय और IITM, पुणे के बीच MoU**<br>■ बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (BTU) एवं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे के मध्य समझौते के तहत BTU परिसर बीकानेर में 'क्लाइमेट एवं ग्रीनहाउस गैस रेफरेंस स्टेशन' की स्थापना की जाएगी।<br>■ इस स्टेशन में शुष्क एवं मरुस्थलीय क्षेत्र में दीर्घकालिक जलवायु, मौसम एवं ग्रीनहाउस गैसों से संबंधित उच्च गुणवत्ता का वैज्ञानिक डाटा संकलित किया जाएगा। |
| 5. | **गैर कृषि श्रेणी में प्रदेश का पहला डिफेक्टिव मीटर मुक्त वितरण निगम : जयपुर**<br>■ जयपुर विद्युत वितरण निगम गैर कृषि श्रेणी में प्रदेश का पहला डिफेक्टिव मीटर मुक्त वितरण निगम बन गया।<br>■ जयपुर के सभी 18 सर्किलों में सभी सिंगल फेज शहरी एवं ग्रामीण तथा थ्री फेज विद्युत उपभोक्ताओं (गैर कृषि) के खराब (डिफेक्टिव मीटर) बदल कर कार्यशील मीटर लगा दिए गए हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR \| Support@utkarsh.com \| Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **वर्ष 2025 में IIT जोधपुर द्वारा दाखिल IPR**<br>■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर द्वारा कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान कुल 86 बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) दाखिल किए गए।<br>■ IPR दाखिल करने का यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब 150 प्रतिशत अधिक है, जो संस्थान में अनुसंधान और नवाचार की बढ़ती गति को दर्शाता है।<br>■ वर्ष 2025 में दाखिल किए गए IPR में 77 पेटेंट आवेदन, 5 डिजाइन पंजीकरण और 4 कॉपीराइट शामिल हैं। |
| 7. | **प्रह्लाद राय टाक को 'एशिया महाद्वीप पुरस्कार-2025'**<br>■ राजस्थान यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद राय टाक को हाल ही में नेपाल की राजधानी काठमांडू में 'एशिया महाद्वीप पुरस्कार-2025' से सम्मानित किया गया।<br>■ उन्हें यह पुरस्कार समरसता मंच द्वारा आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन में माटी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। |
| 8. | **डॉ. सुमन कालड़ा – इंटरनेशनल कैटलबैल वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक**<br>■ श्री गंगानगर निवासी डॉ. सुमन कालड़ा ने हंगरी के सेग्लेड शहर में आयोजित इंटरनेशनल कैटलबैल वर्ल्ड चैंपियनशिप (IKMF) 2025 में कांस्य पदक जीता।<br>■ इस वैश्विक प्रतियोगिता में 22 देशों के 200 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया। 15 सदस्यीय भारतीय दल ने कुल 25 पदक जीते। |
| 9. | **ग्राउंडवॉटर स्ट्रैटेजी समिट 2025**<br>■ आयोजन : राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।<br>■ आयोजक : इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर कंजर्वेशन (IWC)<br>■ उद्देश्य : भूजल प्रबंधन को मजबूत करना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और जल सुरक्षा के लिए डिजिटल तकनीकों व सामुदायिक भागीदारी का उपयोग करके एक स्थायी राष्ट्रीय नीति ढाँचा तैयार करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य


## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय : लोगो व शुभंकर

### चर्चा में क्यों?

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 1 जनवरी, 2026 को अपने नए लोगो और शुभंकर का अनावरण किया।

### मुख्य बिन्दु:

- **लोगो:**




- राष्ट्र के विकास में आंकड़ों के महत्व को दर्शाता है और भारत के डेटा आधारित शासन, पारदर्शिता तथा प्रगति को सुगम बनाने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- लोगो में अशोक चक्र, सत्य, पारदर्शिता और सुशासन का प्रतीक है। मध्य में स्थित रुपये का चिह्न आर्थिक नियोजन, नीति निर्माण व राष्ट्रीय विकास में आंकड़ों की महत्त्वपूर्ण भूमिका की रेखाकिंत करता है।
- ऊपर की और बढ़ती विकास रेखा प्रगति को दर्शाती है।
- केसरिया, सफेद, हरा और गहरा नीला रंग भारत के राष्ट्रीय मूल्यों विकास, सत्य, स्थिरता और ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है।
- **शुभंकर: "सांख्यिकी":**
- यह एक मैत्रीपूर्ण और लोक केन्द्रित चरित्र है, जिसे देश भर के लोगों के लिए आँकड़ों को सरल समझने योग्य और आकर्षक बनाने के लिए बनाया गया है।
- यह शुभंकर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मूल मूल्यों - सटीकता, पारदर्शिता और डेटा आधारित शासन को दर्शाता है।



**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI): 15 अक्टूबर, 1999 को सांख्यिकी विभाग और कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के बाद एक स्वतंत्र मंत्रालय के रूप में अस्तित्व में आया।
- **कार्य:** देश में 'सांख्यिकीय प्रणाली के नियोजित एवं संगठित विकास तथा भारत सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न हितधारकों के मध्य सांख्यिकीय गतिविधियों के समन्वय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु नोडल एजेंसी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## यूरो मुद्रा : बुल्गारिया देश

### चर्चा में क्यों?

- 1 जनवरी, 2026 को बुल्गारिया यूरो को अपनी आधिकारिक मुद्रा स्वीकार करने वाला यूरो जोन का 21वाँ सदस्य बन गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- बुल्गारिया की मुद्रा लेव, जनवरी माह तक यूरो के साथ प्रचलन में रहेगी और फरवरी, 2026 से यूरो देश की अकेली कानूनी मुद्रा बन जाएगी।
- वर्ष 2007 में बुल्गारिया : यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।

### यूरो जोन:

- 1 जनवरी, 1999 को आधिकारिक रूप से यूरो जोन होने के बाद से 11 देशों में यूरो जोन स्थापित हुआ था।
- वर्तमान में इस जोन में 27 सदस्य है। इनमें से 6 सदस्य - स्वीडन, पोलैंड, चेक गणराज्य, हंगरी, रोमानिया और डेनमार्क ने अब तक यूरो को नहीं अपनाया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## प्रलय मिसाइल

### चर्चा में क्यों?

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट से दूर एक ही लॉन्चर से स्वदेशी रूप से विकसित दो प्रलय मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह परीक्षण पिनाका लॉन्ग-रेंज गाइडेड रॉकेट और K-4 पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल सहित मिसाइल परीक्षणों की एक तीव्र श्रृंखला का हिस्सा है।

**प्रलय मिसाइल:**

- **परिचय:** यह एक ठोस प्रणोदक, सतह से सतह पर मारक अर्द्ध बैलिस्टिक मिसाइल है।
- **वारहेड क्षमता :** लक्ष्य के विरुद्ध कई प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है।
- इसे मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है।
- **मारक क्षमता:** 150 से 500 km तक।
- **विकास:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)।
- **भार क्षमता :** 500-1000 kg
- **नेविगेशन:** इनर्टियल नेविगेशन सिस्टम (INS; Intertial Navigation system व रेडियो फ्रीक्वेंसी सिस्टम (FR; Radio frequency) से युक्त।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना: 9 वर्ष पूर्ण

### चर्चा में क्यों?

- 1 जनवरी, 2026 को गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 9 वर्ष पूर्ण हो गए।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रकार:** केंद्र प्रायोजित प्रत्यक्ष लाभ योजना।
- **मंत्रालय:** महिला एवं बाल अधिकारिता मंत्रालय
- **लागू:** 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी जिलों में।
- **आधार :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, अधिनियम, 2013 के अनुरूप।
- **एकीकरण:** वर्ष 2022 में मिशन शक्ति में शामिल किया गया।

**उद्देश्य :**

- **वेतन हानि मुआवजा:** वित्तीय सहायता, ताकि महिलाएँ प्रसव से पूर्व व प्रसव के पश्चात् आराम कर सके।
- स्वास्थ्य सुधार व लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
- **वित्तीय लाभ:** कुल 6000₹ वित्तीय सहायता (5000₹ गर्भावस्था की शुरुआत से प्रसव तक + 1000₹ संस्थागत प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना के तहत अतिरिक्त लाभ)
- **कवरेज:** सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएँ, पहले दो जीवित बच्चों पर लागू, और दूसरा बच्चा लड़की होना अनिवार्य है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- किस्त: 3

| | | |
|---|---|---|
| पहली किश्त | 1000₹ | MoP कार्ड में गर्भधारण पंजीयन |
| दूसरी किश्त | 2000₹ | एक प्रसव जाँच होने पर |
| तीसरी किश्त | 2000₹ | बच्चे के जन्म के पंजीकरण पर |
| कुल | 5000₹ | 1000 जननी सुरक्षा योजना के तहत् |

- सतत् विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण : यह योजना SDG-3 (स्वास्थ्य और कल्याण) तथा SDU-5 (लैंगिक समानता) के अनुरूप है।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान:

- शुरुआत : वर्ष 2016 में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा।
- उद्देश्य: सभी गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क, सार्वभौमिक, सुनिश्चित, व्यापक और बेहतर प्रसवपूर्व देखभाल (ANC) सुविधाएँ प्रदान करना।
- लाभ: योजना के तहत् गर्भधारण के दूसरे और तीसरे माह (ट्राइमेस्टर) में महिलाओं को न्यूनतम प्रसव पूर्व देखभाल पैकेज की गारंटी दी जाती है।
- अभियान का विस्तार : वर्ष 2022


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत: चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने घोषणा की है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **वैश्विक अर्थव्यवस्थाएँ**

| रैंक | देश | अर्थव्यवस्था (GDP) |
|---|---|---|
| 1st | अमेरिका | 30.6 ट्रिलियन $ |
| 2nd | चीन | 19.4 ट्रिलियन $ |
| 3rd | जर्मनी | 5 ट्रिलियन $ |
| 4th | भारत | 4.18 ट्रिलियन $ |

- भारत आगामी 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को तीसरे स्थान से विस्थापित करने की रणनीति तैयार की गई है, जिसका अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर होगा।
- **क्रय शक्ति समता (PPP):**

| रैंक | देश | अर्थव्यवस्था (GDP) |
|---|---|---|
| 1st | चीन | 33 ट्रिलियन $ |
| 2nd | अमेरिका | 25 ट्रिलियन $ |
| 3rd | भारत | 14 ट्रिलियन $ |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- IMF अनुसार भारत की GDP (PPP) वर्ष 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगी और संभावित रूप से वर्ष 2038 तक 34.2 ट्रिलियन डॉलर की GDP (PPP) के साथ विश्व की सबसे बड़ी PPP अर्थव्यवस्था होगी।
- **GDP वृद्धि :** भारत की वास्तविक GPP, 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-अगस्त-सितंबर) में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है।

**विभिन्न वैश्विक संस्थाओं का अनुमान:**

| संस्था | अनुमान |
|---|---|
| विश्व बैंक | वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत विकास दर |
| IMF | वर्ष 2025 में 6.6 प्रतिशत विकास दर |
| एशियाई विकास बैंक | वर्ष 2025 में 7.2 प्रतिशत विकास दर |
| मूडीज | G-20 अर्थव्यवस्थओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। |

- **विकसित भारत@ 2047 विजन :** भारत का दीर्घकालिक लक्ष्य संरचनात्मक सुधारों, आर्थिक लचीलेपन और सामाजिक प्रगति पर आधारित 2047 तक उच्च मध्यम आय वाले देश का दर्जा हासिल करना है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में MSMEs का योगदान:** कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता।

| अर्थव्यवस्था | MSME का योगदान |
|---|---|
| सकल घरेलू उत्पाद (GDP) | 30 प्रतिशत |
| विनिर्माण उत्पादन | 36 प्रतिशत |
| गैर कृषि क्षेत्र में रोजगार | 12 करोड़ |
| कुल निर्यात | 45 प्रतिशत |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **MSME की नई परिभाषा:** केन्द्रीय बजट 2025-26 में वर्गीकरण के लिए निवेश और करोबार की सीमा को क्रमश: 2.5 गुना और 2 गुना बढ़ा दिया गया है।
- **नई परिभाषा प्रभावी:** 1 अप्रैल, 2025 से।

| रुपये (करोड़ रुपये में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्यम | निवेश | | कारोबार | |
| | पुराना | संशोधित | पुराना | संशोधित |
| सुक्ष्म | 1 | 2.5 | 5 | 10 |
| लघु | 10 | 25 | 50 | 100 |
| मध्यम | 50 | 125 | 250 | 500 |

- **MSME के क्षेत्र में वर्ष 2025 मे हस्ताक्षरित समझौते:**

| समझौता | हस्ताक्षर तिथि |
|---|---|
| MSMEs मंत्रालय मॉरीशस एवं MSMEs सहकारिता मंत्रालय, भारत | 10 मार्च, 2025 |
| लघु एवं मध्यम उद्यम संवर्धन कार्यालय, थाईलैंड तथा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, भारत | 3 अप्रैल, 2025 |
| स्लोवाक बिजनेस एजेंसी, स्लोवाकिया और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड भारत | 9 अप्रैल, 2025 |
| MSME निगम, मलेशिया और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, भारत | 16 अक्टूबर, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## एयर मार्शल नागेश: वायुसेना उपाध्यक्ष

### चर्चा में क्यों?

- 1 जनवरी, 2026 से एयर मार्शल नागेश कपूर ने भारतीय वायु सेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया।



### मुख्य बिन्दु:

- कूपर ने दिसंबर, 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और दिसंबर, 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक इकाई में शामिल हुए।
- एयर मार्शल नागेश कपूर एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के स्थान पर वायु सेना उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- कपूर ने वायु सेना अकादमी में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय वायुसेना में PC-7 MK-II विमान शामिल कराने और उनके परिचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- सम्मान: वर्ष 2008 में वायु सेना पदक, वर्ष 2022 में अति सेवा पदक और वर्ष 2025 में परम विशिष्ट सेवा पदक तथा सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित।

**1 जनवरी, 2026 को नियुक्त अन्य व्यक्तित्व:**

1. **एयर मार्शल तेजिंदर सिंह:** वायु सेना के दक्षिण-पश्चिमी वायुसेना कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पद संभाला।
2. **एयर मार्शल सीथेपल्ली श्री निवास:** वायुसेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पदभार संभाला।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## संगीत कलानिधि पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- वायलिन वादक R.K. श्री रामकुमार को संगीत अकादमी द्वारा वर्ष 2025 का संगीत कलानिधि पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### मुख्य बिन्दु:

**R. K. श्री रामकुमार :**

- **संबंध:** कर्नाटक के रुद्रपटनम संगीत परिवार से।
- संगीत कलानिधि पुरस्कार को कर्नाटक संगीत में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है।
- **प्रदानकर्त्ता:** चैन्नई की संगीत अकादमी द्वारा।
- **संगीत अकादमी द्वारा प्रदान किए गए अन्य पुरस्कार:**

| पुरस्कार | प्राप्तकर्त्ता | योगदान/क्षेत्र |
|---|---|---|
| नृत्य कलानिधि पुरस्कार, 2025 | उर्मिला सत्यनारायण | भरतनाट्यम नृत्यांगना (19वें वार्षिक नृत्य महोत्सव; 3 जनवरी, 2026 को प्रदान किया जाएगा।) |
| संगीत कला आचार्य पुरस्कार, 2025 | गायिका श्यामला वैंकटेश्वर और थाविल वादक T.R. गोविंदराजन | कर्नाटक संगीत के शिक्षण और प्रचार प्रसार के प्रति समर्पण हेतु। |
| T.T.K. पुरस्कार, 2025 | मदंबी सुब्रमण्यम नंबूथिरी (कथकली कलाकार)<br>वीणा वादक जेटी जयराज कृष्णन और जयश्री जयराज कृष्णन। | 1 जनवरी, 2026 को प्रदान किया गया |
| संगीतज्ञ का पुरस्कार | C.A. श्रीधर | - |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) : 68वाँ स्थापना दिवस

### चर्चा में क्यों?

- 1 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली स्थित DRDO मुख्यालय में DRDO का 68वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **परिचय:** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का अनुसंधान एवं विकास विभाग।
- **स्थापना:** 1 जनवरी, 1958 को तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (TDE), तकनीकी विकास और उत्पादन निदेशालय (DTDP) और रक्षा विज्ञान संगठन (DSO) के विलय से।
- DRDO में 41 प्रयोगशालाएँ और 5 DRDO युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ संचालित है।
- **आदर्श वाक्य/मार्गदर्शक सिद्धांत:** 'बलास्य मूलम विज्ञानम' (विज्ञान से ही शक्ति निहित है)।
- **अध्यक्ष:** डॉ. समीर वी.कामत।
- **डॉ. पी.रामा राव समिति:** वर्ष 2007 में DRDO की समीक्षा हेतु रामा राव समिति का गठन किया गया था।

**DRDO की संक्षिप्त समय रेखा: 1958 से 2026 तक:**

1. **गठन का दौर (1958-1970s):** गठन व स्वदेशी रक्षा अनुसंधान व विकास स्पष्ट विजन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2. मिसाइल युग व विस्तार (1980s-1990s):**

- DRDO की निगरानी हेतु रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग का गठन।
- **इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IGMDP):** डॉ. APJ अब्दुल कलाम के नेतृत्व में 5 मिसाइलों; पृथ्वी अग्नि, आकाश, नाग और त्रिशुल का विकास।
- इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (EW) सिस्टम का प्रारंभिक संस्करण।

**3. विविधतापूर्ण और बड़े प्रोजेक्ट (2000s-2010s):** ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रुज मिसाइल, अर्जुन युद्धक टैंक, INSAS राइफल, पिनाका, लाइट कॉम्बैट एयर क्रॉफ्ट (LCA) तेजस का विकास।

**4. आत्मनिर्भरता व कीप टेक युग (2020 से आगे):** अग्नि प्राइम, QRSAM, लंबी दूरी की भूमि आक्रमण क्रूज मिसाइल (LR-LACM), मध्यम दूरी की जहाज रोधी मिसाइल (MRASHM)

**Note: DRDO की अन्य उपलब्धियाँ:**

- युद्धपोत, पनडुब्बी और हेलीकॉप्टर के लिए हम्सा, उशुस, मिहिर जैसे सोनार सिस्टम्स।
- **वरूणास्त्र:** टॉरपीडो।
- **दिव्य दृष्टि :** AI आधारित सुरक्षा व निगरानी उपकरण।
- स्वदेशी मिलिट्री कॉम्बेट पैराशूट सिस्टम (MCPS)।
- प्रलय मिसाइल (सतह से सतह पर मार)।
- **स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (SAAW):** 100km दूर के एयरफील्ड पर युद्ध करने वाला ग्लाइड बम।
- **एयर डिफेंस टेक्टिकल कंट्रोल रडार (ADTCR):** वर्ष 2024 में लॉन्च।
- सुदर्शन चक्र एयर डिफेंस सिस्टम का विकास।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **जय श्री उल्लास**<br>■ हुरून इंडिया ने रिच लिस्ट, 2025 जारी की।<br>■ अरिस्ता नेटवर्क्स कंपनी की CEO जय श्री उल्लास, भारतीय मूल के लीडर्स (CEO) विश्व में शीर्ष स्थान पर रही है। |
| 2. | **काम्या कार्तिकेयन**<br>■ 18 वर्ष की काम्या कार्तिकेयन दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाली सबसे युवा भारतीय महिला बन गई है।<br>■ सबसे कम उम्र में ऐसा करने वाली काम्या विश्व की दूसरी महिला है। |
| 3. | **13वें मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय खेल पुरस्कार**<br>■ घोषणा : 30 दिसंबर, 2025 को विश्व खेल शिखर सम्मेलन के दौरान दुबई में।<br>■ आयोजन: दुबई खेल परिषद्<br>■ पुरस्कार की शुरुआत: वर्ष 2008<br>■ सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक को ग्लोबल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2025 से सम्मानित किया गया। |
| 4. | **चक्रवात हेली**<br>■ पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तट की ओर बढ़ रहे चक्रवात हेली तीव्र होकर चौथी श्रेणी के तूफान में बदल गया है।<br>■ रफ्तार: 170km प्रति घंटा। |
| 5. | **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी तत्परता मूल्यांकन ढाँचा**<br>■ केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सुद ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी तत्परता मूल्यांकन ढाँचे का अनावरण किया है।<br>■ इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से विकसित किया गया है।<br>■ उद्देश्य: अनुसंधान और उद्योग के मध्य दूरी कम करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR